ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित को निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक सत्र– 2025–29 के प्रथम छमाही में अबतक के नामांकन उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर छात्र–हित में ***ऑनलाईन ऑन–स्पॉट*** नामांकन का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। अभ्यर्थी ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर निम्न कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया में प्रवेश कर सकते हैं :–

- ***दिनांक– 12.09.2025*** को रिक्ति का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 13.09.2025*** को अबतक आवेदित किन्तु अनामांकित इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय का पुनः चयन एवं विषय (Major)परिवर्तन कर सकते हैं। महाविद्यालय तथा विषय परिवर्तन (Slide-up) **पहले आओ–पहले पाओ** के नीति पर सम्पन्न होगा। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय नामांकन पोर्टल **दिनांक– 13.09.2025** को ***ऑनलाईन ऑन–स्पॉट राउण्ड हेतु पूर्वाह्ण 11:30 बजे*** से सक्रिय (Active) होगा। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
- ***दिनांक– 14.09.2025*** को चयन सूची एवं चयन–पत्र का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 15.09.2025 एवं 16.09.2025*** को चयनित अभ्यर्थियों का आवंटित महाविद्यालय में अभिलेख सत्यापन एवं नामांकन।

****

- ***दिनांक– 18.09.2025*** को शेष रिक्ति का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 19.09.2025 एवं 20.09.2025*** को नामांकन के इच्छुक नये अभ्यर्थी का रिक्ति के विरूद्ध निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। यह प्रक्रिया भी ***पहले आओ–पहले पाओ*** के नीति पर पूरी की जायेगी। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय नामांकन पोर्टल **दिनांक– 19.09.2025** को ***पूर्वाह्ण 11:30 बजे*** से सक्रिय (Active) होगा।
- ***दिनांक– 23.09.2025*** को चयन सूची तथा चयन–पत्र का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 24.09.2025 एवं 25.09.2025*** को चयनित अभ्यर्थियों का आवंटित महाविद्यालय में अभिलेख सत्यापन एवं नामांकन।

आवेदन करने के क्रम में अभ्यर्थियों को निदेशित किया जाता है कि सभी जानकारी यथा– लिंग, प्राप्तांक, केटेगरी इत्यादि सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि जाँचोपरान्त गलत पाये जाने पर अभ्यर्थी का आवेदन वगैर जानकारी के निरस्त कर दी जायेगी। इस चरण में नये आवेदित अभ्यर्थियों को ही अवसर प्रदान किया जायेगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।

अशोक 11.09.25

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

11/9/25